C-402 कक्षा : 12वीं

# हिन्दी (सामान्य) 2014

समय : 3 घण्टे] [ पूर्णांक : 100

निर्देश- (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये (5x5 = 25) एक-एक अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिये दो-दो अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए तीनतीन अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 24 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द।

(vi) प्रश्न क्रमांक 25 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5-5 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 120 से 150 शब्द।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिये (7+3) 10 अंक निर्धारित हैं। 'अ' के लिए 7 अंक तथा 'ब' के लिए 3 अंक शब्द-सीमा 200 से 250 शब्द।

1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों के आधार पर कीजिए :

(i) प्रथम राष्ट्रीय कवि ........ को माना जाता है। (भूषण/दिनकर)

(ii) रवीन्द्रनाथ टैगोर ..... की पुस्तक पढ़ रहे थे। (सम्पत्तिशास्त्र/सौंदर्यशास्त्र)

(iii) "निष्ठामूर्ति कस्तूरबा' पाठ के लेखक .... है। (महात्मा गाँधी/काका कालेलकर)

(iv) इसका पद-तल छूने वाला' ....... की गाथा गाता है। (गंगा/वेदों)

(v) 'जलद' शब्द का अर्थ ........... है। (बादल/कमल)

2. निम्नलिखित कथनों के लिये सही विकल्प चुनिये:

(i) अब्दुर्रहीन खानखाना का संक्षिप्त नाम था-

(अ) रहीम (ब) करीम (स) रसखान (द) रैदास

(ii) 'श्रेय-प्रेय' शब्द में समास है

(अ) द्विगु (ब) कर्मधारय (स) द्वन्द्व (द) तत्पुरुष

https://www.evidyarthi.in/

(iii) "पानी गए न ऊबरै, मोती मानुस चून' पंक्ति में अलंकार है

(अ) यमक (ब) श्लेष (स) अनुप्रास (द) उपमा

(iv) प्रसिद्ध आंचलिक कथाकार हैं-

(अ) प्रेमचंद (ब) जयशंकर प्रसाद (स) फणीश्वरनाथ 'रेणु' (द) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(v) बल में निवास है-

(अ) देवत्व का (ब) पुरुषत्व का (स) अज्ञान का। (द) मानवता का

3. निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य का चयन कीजिए-

(i) गांधीजी अक्षर ज्ञान को ही पूर्ण शिक्षा मानते थे।

(ii) 'उल्टे बाँस बरेली को एक मुहावरा है।

(iii) माँ ने मारा, तो बालक रूठ गया' सरल वाक्य है।

(iv) द्विवेदी युग के प्रवर्तक आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी हैं।

(v) रातों-रात कोई पुस्तक पुरस्कृत हो जाती है।

4. स्तम्भ 'क' का स्तम्भ 'ख' से मिलान कर सही जोड़ी बनाइए-

| स्तम्भ 'क' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| (i) अमोघशक्ति | (अ) जागो फिर एक बार |
| (ii) अज्ञान का पुत्र | (ब) मुहावरा |
| (iii) प्रशंसनीय | (स) शब्द और कृति |
| (iv) भैरवी गीत गाना | (द) अहंकार |
| (v) राष्ट्रीय चेतना | (इ) निन्दनीय |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(i) भूषण कवि ने किस राजाओं के शौर्य का वर्णन किया है?

(ii) ताप-त्रय कौन-कौन से हैं?

(iii) यशोधरा की विनय क्या है?

(iv) 'थोथा चना बाजे घना' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।

(v) रचना के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते हैं?

https://www.evidyarthi.in/

6. मंत्रीजी उदास क्यों थे?

(अथवा) बख्तियार खिलजी के आक्रमण से क्या हानि हुई?

7. शिक्षा के क्षेत्र में कौन-कौन से आचार्य प्रसिद्ध हुए हैं?
(अथवा) राष्ट्र कस्तूरबा को किस आदर्श की जीवित प्रतिमा मानता है?

8. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार निबंध की परिभाषा लिखते हुए शुक्ल युग के दो प्रमुख निबंधकारों के नाम लिखिए।

(अथवा) पाश्चात्य विद्वान 'बफन' के अनुसार निबंध शैली की परिभाषा लिखिए।

9. विषय के आधार पर निबंध के कितने भेद होते हैं? लिखिए।

(अथवा) शुक्लोत्तर युग के दो प्रमुख निबंधकारों के नाम उनकी एक-एक रचनाओं के साथ लिखिए।

10. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए

सरस्वती, अमृता

(अथवा) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए

(i) स्वावलम्बी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं। (मिश्र वाक्य)

(ii) मयूर वन में नाचता है। (प्रश्नवाचक)

11. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) त्राहि-त्राहि मचना (ii) भगीरथ प्रयत्न करना।

(अथवा) निम्नलिखित का समास विग्रह कर समास के नाम लिखिए-

यथाशक्ति, सत्याग्रह।

12. निम्नलिखित शब्द-युग्मों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए निम्नलिखित -

(i) हँसता-खेलता (ii) तन-मन।

(अथवा) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए

(i) मैं मेरी कलम से लिखता हूँ। (ii) सरिता भाग्यवान् स्त्री है।

13. निम्नलिखित का भाव-पल्लवन कीजिए-
"मान्यताएँ बदलकर हम अपना सिर मुंडा रहे हैं।"

https://www.evidyarthi.in/

(अथवा) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ सहित वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(i) का वर्षा जब कृषि सुखानी (ii) आम के आम गुठलियों के दाम।

14. कोई चार पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(अथवा) मुहावरे और लोकोक्तियों में अंतर बताइए (कोई दो)।

15. निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

हँस-हंस, अपेक्षा-उपेक्षा।

(अथवा) निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

अर्थ, फला

16. देश की जय के लिए कवि किस भाव का आकांक्षी हैं?

(अथवा) यशोदा अपने आपको कृष्ण की धाय क्यों कहती है?

17. पंचतत्वों के किन गुणों को माँ धारण किए हुए हैं?

(अथवा) 'यशोधरा की व्यथा' कविता में गौतम बुद्ध के कौन-कौनसे गुण बताए गए हैं?

18. कुशलता की कामना कब निष्फल हो जाती है?

(अथवा) छत्रसाल की बरछी की विशेषताएँ लिखिए।

19. बौद्धिक पुनर्जागरण की प्रक्रिया में किस-किसका योगदान था?

(अथवा) 'बीमार का इलाज' एकांकी में होम्योपैथी के प्रति किसे विश्वास था और क्यों?

20. बल की दृष्टि से पश्चिम और भारत में क्या अंतर हैं?

(अथवा) अखबार में जबलपुर की कौनसी घटना छपी थी?

21. केरल के गाँवों की कौन-कौनसी विशेषताएँ हैं?

(अथवा) बाढ़-पीड़ितों की सहायता किस प्रकार की गई?

22. यशोधरा की निजी व्यथा लोक व्यथा क्यों बन गई?

(अथवा) समुद्र के जल की अपेक्षा कुएँ के जल की प्रशंसा क्यों की गई हैं?

https://www.evidyarthi.in/

23. अतीत में शिक्षा के क्षेत्र में भारत को उन्नत क्यों कहा गया है?

(अथवा) कस्तूरबा को तेजस्वी महिला क्यों कहा गया है?

24. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित कीजिए- .

"टूटे सुजन मनाइए, जो टूटे सौ बार
रहिमन फिरि-फिरि पोइए, टूटे मुक्ताहार।"

(अथवा) पेड़ों ने पत्ते तक उनका, त्याग देखकर त्यागे।
मेरा धुंधलापन कुहरा बन, छाया सबके आगे।।
उनके तप के अग्नि-कुण्ड से घर-घर में हैं जागे।
मेरे कम्प हाय! फिर भी तुम नहीं कहीं से भागे।।

25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

वैदिक काल से हिमालय के पहाड़ बहुत पवित्र माने जाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि हिमालय के पहाड़ों का दृश्य अति सुन्दर है। उसकी विशालता को देखकर मन में आनंद और कृतज्ञता की लहर उठती हैं। ऐसा लगता है कि यह विशाल सृष्टि ईश्वर की देन हैं। सम्पूर्ण सृष्टि के प्रति समभाव जाग्रत होता है। सारे भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाला यही हिमालय हैं। गंगोत्री. यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ को तीर्थ माना जाता है। उन स्थानों से निकलने वाली पवित्र नदियाँ ही वास्तव में हमारी प्राणदात्री रही हैं।

प्रश्न- (1) उपर्युक्त अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए।

(2) किस काल से हिमालय को पवित्र पहाड़ माना जाता है?

(3) हिमालय में कौन-कौन से तीर्थ स्थित हैं?

(4) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश 30 शब्दों में लिखिए।

26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

"ठान लोगे तुम अगर युग को नई तस्वीर दोगे
गर्जना से शत्रुओं के तुम कलेजे चीर दोगे।
दाँव गौरव पर लगे तो शीश दे देना विहँस कर
देश के सम्मान पर, काली घटा छाने न देना,
देश की स्वाधीनता पर आँच तुम आने न देना।"

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न - (1) उपर्युक्त पद्यांश का उचिक शीर्षय दीजिए।

(2) 'काली घटा' से क्या तात्पर्य हैं?

(3) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

27. छात्रावास अधीक्षक को पत्र लिखकर छात्रावास में मिलने वाले भोजन के निरंतर गिरते स्तर से अवगत कराइए।

(अथवा) प्रात: कालीन सैर के लाभों का वर्णन करते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

28. (अ) निम्नलिखित निबंध विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए-

(ब) शेष विषयों में से किसी एक विषय की बिन्दुवार रूपरेखा लिखिए-

(i) नारी शिक्षा का महत्व

(ii) बेरोजगारी की समस्या

(iii) समय ही धन है

(iv) प्राकृतिक आपदा : समस्या निवारण

(v) संतोष सबसे बड़ा धन।

*******

https://www.evidyarthi.in/